### 15 साल में दो प्रेम विवाह, हर बार मिला दर्द: पहले से तलाक

नई दिल्ली । उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में विवाद होने के बाद एक युवक ने अपनी पत्नी का गला रेत दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पीड़िता कविता शर्मा (30) को नजदीकी जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल कविता की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने छानबीन के बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी सोनू शर्मा की तलाश की जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया है। उसके आधार पर भजनपुरा थाना पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कविता शर्मा, सी-ब्लॉक भजनपुरा में अपने माता पिता के साथ रहती है।


बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 121 ● नई दिल्ली ● शनिवार 21 फरवरी 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4



रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86


## उन्नाव दुष्कर्म मामला: पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के भाई को हाईकोर्ट से झटका, अदालत ने आत्मसमर्पण करने को कहा



दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप सेंगर को राहत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने जयदीप सेंगर को जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पीठ अंतरिम जमानत के विस्तार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने पाया कि जुलाई 2024 में मिली अंतरिम जमानत अप्रैल 2025 में अंतिम बार बढ़ाई गई थी। इसके बाद पांच तारीखों पर भी कोई विस्तार आदेश नहीं आया। जयदीप के वकील ने स्वास्थ्य का हवाला देकर रिहाई बढ़ाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा, आप आत्मसमर्पण करें, फिर हम देखेंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिका पर विचार से पहले उसे आत्मसमर्पण करना होगा। इससे पहले 17 फरवरी (मंगलवार) को हुई सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने जयदीप सेंगर की अंतरिम जमानत 20 फरवरी तक बढ़ाने से इन्कार कर दिया था। जयदीप सेंगर को ट्रायल कोर्ट ने मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सीबीआई ने जयदीप सेंगर की तीन महीने की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका का कड़ा विरोध किया। सीबीआई के वकील ने आरोप लगाया कि जयदीप द्वारा प्रस्तुत प्रिस्क्रिप्शन और मेडिकल दस्तावेज नकली है। जयदीप ने ओरल कैंसर से पीड़ित होने का हवाला देते हुए जमानत विस्तार की मांग की थी। उनकी याचिका में कहा गया कि यह जानलेवा स्थिति है, जिसमें पुनरावृत्ति के क्लिनिकल संकेत दिखाई दे रहे हैं और उन्हें निरंतर विशेष चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 3 जुलाई 2024 को दी गई अंतरिम जमानत केवल दो महीने के लिए थी और उसके बाद कोई अनिश्चितकालीन विस्तार का आदेश नहीं है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख तय करते हुए सीबीआई को निर्देश दिया था कि वह जयदीप की स्वास्थ्य स्थिति पर विस्तृत सत्यापन रिपोर्ट दाखिल करे। उच्च न्यायालय ने उन्नाव कस्टोडियल डेथ मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और अन्य दोषियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें पीड़िता ने अपने पिता की कस्टोडियल डेथ मामले में दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग की है। पीड़िता ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि सेंगर को मिली 10 साल की सजा बढ़ाई जाए और मामले की जल्द सुनवाई की जाए। इस मामले में सेंगर के अलावा बाकी सभी दोषी फिलहाल जमानत पर हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति नवीन चावला न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने की। अदालत ने सभी पक्षों से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 2 मार्च तय की है। सीबीआई की तरफ से वकील अनुभा भारद्वाज ने कहा कि पहले यह तय होना चाहिए कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, उसके बाद आगे सुनवाई हो। इससे पहले, जस्टिस प्रतिबा एम सिंह और न्यायमूर्ति मंजू जैन की पीठ ने जल्दी सुनवाई की मांग वाली अर्जी पर विचार करते हुए मामले को मुख्य न्यायाधीश की पीठ के पास भेज दिया था। गौरतलब है कि सेंगर कस्टोडियल डेथ मामले में 10 साल की सजा काट रहा है। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उसे उम्रकैद की सजा मिली हुई है। दोनों मामलों में उसकी अपील हाई कोर्ट में लंबित है। पिछले साल दिसंबर में हाई कोर्ट ने कस्टोडियल डेथ केस में सेंगर की सजा पर रोक लगाई थी, लेकिन बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी।

## बिजनेस से लीडरशिप तक: एसआरसीसी कॉन्क्लेव ने विद्यार्थियों को दिखाई राह




नई दिल्ली , श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी वर्ष में आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव 2026 का सफल समापन उत्कृष्टता केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि नीति, प्रगति और शांति के संतुलन से ही भविष्य का निर्माण संभव के संदेश के साथ हुआ। उत्कृष्टता की सदी... थीम के तहत तीन दिनों तक चले इस फ्लैगशिप इवेंट में देशभर के युवाओं ने बिजनेस, पॉलिसी, इनोवेशन और लीडरशिप पर मंथन किया और विचारों से भविष्य की रूपरेखा गढ़ी। एसआरसीसी के 100वें साल में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम ने देशभर के हजारों छात्रों को बिजनेस, पॉलिसी, इनोवेशन और लीडरशिप की दुनिया से रूबरू कराया। कार्यक्रम में अमर उजाला कार्यक्रम ने मीडिया पार्टनर की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी टीम वर्क, विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान और रणनीतिक योजना बनाने की क्षमता को परखा। विशेष रूप से प्रोडक्ट मैनेजमेंट और मार्केटिंग चैलेंज में छात्रों ने अपने नवाचार और व्यावसायिक समझ का प्रदर्शन किया, जबकि केस स्टडी और पॉलिसी फॉर्मूलेशन में उनके आलोचनात्मक सोच और निर्णय क्षमता की परीक्षा हुई। कार्यक्रम में बड़ी कंपनियों और इंडस्ट्री लीडर्स ने हिस्सा लिया और छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। यह आयोजन छात्रों के लिए सीखने और नेटवर्क बनाने का एक शानदार अवसर साबित हुआ, जिससे उन्हें वास्तविक उद्योग परिदृश्यों में काम करने का अनुभव मिला। साथ ही, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, अनुराग ठाकुर, चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन, फरसाई के विशेषज्ञ, गेमिंग क्रिएटर्स, कॉर्पोरेट लीडर्स जैसे कई पावरफुल स्पीकर्स ने छात्रों को प्रेरित किया। इसके अलावा मनोरंजन के लिए कॉमेडियन, अभिनेता, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने छात्रों को तरोताजा किया। कॉन्क्लेव के आखिरी दिन एयर स्टाफ के चीफ अमर प्रीत सिंह ने बिजनेस में लीडरशिप, साहस, सतत प्रयास का पाठ पढ़ाया। फिक्स डर्मा की संस्थापक शैली मेहरोत्रा और निविया की मैनेजिंग डायरेक्टर गीतिका मेहता ने बिजनेस में महिला को सामना करने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। ग्रांट थॉर्नटन पैनल में स्टार्टअप, ट्रेडिंग, इंवेस्टमेंट और अन्य पहलुओं पर छात्रों को जागरूक किया।

## दिल्ली सरकार का एक साल पूरा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट कार्ड किया पेश




नई दिल्ली । दिल्ली की भाजपा सरकार ने आज अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में, मुख्यमंत्री ने पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यों और प्रदेश के विकास के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'आज सरकार को एक साल पूरा हुआ है। शायद इसी समय हम इस सचिवालय में पहुंचे थे। आज की यह रिपोर्ट कार्ड हमारे एक वर्ष के तथ्य है। यह सरकार वादों की नहीं बल्कि काम की सरकार है। हमने एक वर्ष में दिल्ली को ठहराव की ओर ले जाने की कोशिश की है। हमने कागज कम और काम ज्यादा के पैटर्न को फॉलो किया। हमने अपनी पहली कैबिनेट में आयुष्मान योजना पर काम किया था। हमने 10 लाख का हेल्थ कवर दिया। हमने अटल कैंटीन को इस विजन के साथ शुरू किया ताकि कोई भूखा न सोए। दिल्ली में 70 अटल कैंटीन शुरू की गई है।' सीएम ने बताया, 'पिछली कैबिनेट बैठक में हमने आयुष्मान योजना को लागू किया। इस एक वर्ष में हेल्थ कवर के लिए 7 लाख लोग पंजीकृत हुए और 30,000 से अधिक लोगों ने आयुष्मान और वय वंदना योजना के माध्यम से लाभ प्राप्त किया। आज दिल्ली में 70 अटल कैंटीन संचालित हो रही हैं, जहां 5 रुपये में गरीबों, श्रमिकों और मजदूरों को सम्मानजनक तरीके से भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

झुग्गीवासियों के लिए हमने 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, ताकि झुग्गियों में भी नाली, खड़ंजा, पार्क, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।'

## दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को बदमाशों ने मारी गोली, प्रॉपर्टी विवाद में किया हमला



नई दिल्ली । पुलिस ने हत्या का प्रयास का केस कर हमलावरों की की तलाश कर रही है। पीड़ित के बेटे ने अपने एक रिश्तेदार पर प्रॉपर्टी विवाद के लेकर गोली मारने का आरोप लगाया है। मुंडका के बक्करवाला इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर प्रॉपर्टी विवाद में दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक 80 साल के रिशाल सिंह को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। हमलावरों ने उनपर पांच छह राउंड गोली चलाई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पुलिस ने परिवार वालों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने हत्या का प्रयास का केस कर हमलावरों की की तलाश कर रही है। पीड़ित के बेटे ने अपने एक रिश्तेदार पर प्रॉपर्टी विवाद के लेकर गोली मारने का आरोप लगाया है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 19 फरवरी की दोपहर करीब 1.15 बजे पुलिस को बक्करवाला इलाके से एक शख्स को गोली मारने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को 80 साल के रिशाल सिंह घायल अवस्था में मिले। जिसे पुलिस ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से परिवार वालों ने उन्हें राठी अस्पताल में शिफ्ट करवाया। पीड़ित के पेट, बाएं कंधे, दाहिनी कोहनी और दाहिने पैर में गोलियां लगी है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जांच में पता चला कि घायल रिशाल सिंह दिल्ली पुलिस में कार्यरत थे और 2006 में सेवानिवृत हुए थे। पीड़ित के बेटे ने आरोप लगाया कि उसका एक रिश्तेदार सागर ने अपने एक साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। वह साथी के साथ मौके पर आया और उनके पिता पर पांच से छह राउंड गोलियां चलाईं। उसने पुलिस को बताया कि एक प्लॉट को लेकर उनका विवाद चल रहा था। हाल ही में अदालत ने उनके पक्ष में निर्णय दिया था। उसके बाद उस प्लॉट पर उसके पिता दीवार लगाने का काम कर रहे थे। मौके की छानबीन के दौरान पुलिस को करीब 10 खाली कारतूस मिले हैं। पुलिस ने बेटे के बयान पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस नामजद आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके ठिकाने पर दबिश दे रही है।

## सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सर्वोच्च न्यायालय करना पड़ेगा महंगा



नई दिल्ली । दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने हाईकोर्ट को बताया है कि सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के हिंदी साइनेज को सर्वोच्च न्यायालय में बदलना आसान नहीं है। इसमें करीब 40 से 45 लाख रुपये का खर्च आएगा। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की बेंच के सामने डीएमआरसी के वकील ने कहा कि केवल स्टेशन पर लगे बोर्ड ही नहीं, बल्कि रूट मैप, मोबाइल ऐप और अन्य सूचनात्मक सामग्री में भी बदलाव करना पड़ेगा। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। वकील ने यह भी कहा कि अगर एक स्टेशन का नाम बदला जाता है, तो अन्य स्टेशनों के लिए भी इसी तरह की मांगें उठ सकती हैं। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। अदालत ने कहा कि भविष्य में और याचिकाएं आने की संभावना इस मामले का विरोध करने का आधार नहीं हो सकती। कोर्ट ने डीएमआरसी को इस संबंध में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह सुनवाई उमेश शर्मा की जनहित याचिका पर हो रही है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट स्टेशन का हिंदी नाम देवनागरी में सर्वोच्च न्यायालय होना चाहिए। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अन्य स्टेशनों सेंट्रल सेक्रेटेरिएट का हिंदी नाम केंद्रीय सचिवालय लिखा गया है। उन्होंने आधिकारिक भाषा कानून का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के दफ्तरों में साइनेज और नेम प्लेट अंग्रेजी और हिंदी, दोनों में होने चाहिए .

## पलवल के छांयसा गांव में पेयजल आपूर्ति के छह सैंपल हुए फेल, पानी में मिला जानलेवा बैक्टीरिया

फरीदाबाद । पलवल के छांयसा गांव में पेयजल आपूर्ति के छह सैंपल फेल पाए गए हैं। छह विभिन्न घरों से लिए गए इन सैंपलों में ई-कोलाई बैक्टीरिया पाया गया, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है और कुछ मामलों में जानलेवा भी साबित हो सकता है। वहीं, गांव के छह घरों के कूंडे (पानी जमा करने के लिए जमीन में बने टैंक) में भी बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है। 110 घरों में से लिए गए सैंपलों में से 57 में क्लोरीन भी कम मिला। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। विभाग के अनुसार, लोगों के बीमार होने के केस बढ़ने पर विभाग ने गांव में 386 सैंपल लिए थे। इनमें से बैक्ट्रोलोजिकल जांच के लिए 176 सैंपल भेजे गए। 76 की रिपोर्ट आ चुकी है, जिनमें 9 प्रतिशत में बैक्टीरिया मिला है। अभी 210 सैंपल जांच के लिए लैब भेजे नहीं गए। जनस्वास्थ्य विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वीरवार को सरकार को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है। हालांकि इस रिपोर्ट में दूषित पानी को मौत का कारण नहीं माना गया। विभाग ने गांव में बीमारी से केवल सात मौतें होने की ही पुष्टि की है।

शुक्रवार से विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। विधानसभा में विपक्ष इस मामले में सरकार की घेराबंदी कर सकता है। पंचकूला स्थित जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मुख्यालय ने इसीलिए वीरवार को ही विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके सरकार को भेज दी है। बैक्ट्रोलोजिकल टेस्ट के दौरान घरों में पानी आपूर्ति वाले सभी सैंपल लिए जाते हैं। इसमें देखा जाता है कि घरों तक पानी में बैक्टीरिया का मिश्रण तो नहीं हो रहा। ओटी टेस्ट में केमिकल की कुछ बूंदें डालकर यह देखा जाता है कि पानी से कोलीफार्म बैक्टीरिया खत्म करने के लिए क्लोरीन है कि नहीं। इसी तरह से अमोनिया, हेवी मेटल के टेस्ट में पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति मानकों पर खरी उतर रही है कि यह भी देखा जाता है। 176 में से शेष 100 सैंपलों की बैक्ट्रोलोजिकल रिपोर्ट लैब से आना शेष है। विभाग ने जो पानी की आपूर्ति हो रही है, उसके भी अमोनिया टेस्ट के 14 व हेवी मेटल के छह सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।

# रमज़ान का पहला जुमा: नमाज़ियों से गुलज़ार रहीं मस्जिदें

मुरादाबाद।

माहे मुबारक के पहले जुमे पर शहर की जामा मस्जिद समेत अन्य तमाम मस्जिदें नमाज़ियों से गुलज़ार रहीं। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह से ही जुमे की नमाज़ के लिए तैयारियां शुरू कर दीं थीं। बड़ी तादाद में लोग जुमे की नमाज़ अदा करने जामा मस्जिद पहुंचे। शहर की तमाम अन्य मस्जिदें भी नमाज़ियों से फुल रहीं। नमाज़ के दौरान उलेमाओं ने माहे मुबारक की फ़ज़ीलतें बयान फरमायीं। नमाज़ के बाद लोगों ने इफ्तार के सामान की खरीदारी की। रमज़ान मुबारक के पहले जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी जामा मस्जिद पहुंचे। ब'चों से लेकर बुजुर्गों तक में पहले जुमे



की नमाज को लेकर उत्साह देखने को मिला। यहां नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने नमाज़ अदा कराई। इससे पहले उन्होंने अपने खिताब में माहे मुबारक की फ़ज़ीलत बयान फरमाई। उन्होंने कहा कि हमें इस माह 'यादा से 'यादा इबादत करनी चाहिए। गरीबों एवं ज़रूरतमंदों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए, इससे अल्लाह खुश होता है। लिहाज़ा इबादत में कोई कंजूसी न की जाये। बाद में सभी ने मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ की। इसके साथ ही मस्जिद जामिया नईमियां, मरकज़, लाल मस्जिद, किले वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, कुईयां वाली मस्जिद, तख्त वाली मस्जिद, इस्हाकी मस्जिद समेत शहर की सभी मस्जिदों में रोजेदारों



की काफी भीड़ रही। अस्र की नमाज के बाद इफ्तारी का सामान खरीदने वालों की बाजारों में भी भीड़ रही।

# 'कम से कम रासायनिक खादों का प्रयोग करें किसान'

मुरादाबाद। जनपद मुरादाबाद के ग्राम अब्बकरपुर में इफ्को एवं गन्ना विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुरादाबाद इफ्को उप क्षेत्र प्रबंधक यशवीर सिंह, गन्ना उप प्रबंधन निर्मल पंत, गन्ना पर्यवेक्षक प्रद्युम्न कुमार, एमडीई सुरेश मौर्या सहित 50 किसानों ने प्रति भाग लिया। यशवीर सिंह द्वारा किसानों को जल वायु एवं मिट्टी प्रदूषण से बचाव के लिए कम से कम रासायनिक खादों का खेतों में प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया नेनो, नैनो डीएपी जोकि पत्तियों पर प्रयोग की जाती है तथा नैनो डीएपी से बीज व जड़ , गन्ने की सेटे उपचार किये जाते है जिससे हमारी मिट्टी प्रदूषण नहीं होता है आने वाली सीजन के लिए नैनो डीएपी से बीज उपचार करके बोने से जड़ का विकास, कल्ले विकास अधिक होता है इसके प्रयोग को आप लोग बढ़ावा दीजिए अगर इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तब हमारी फसल के लिए दानेदार उर्वरकों से अधिक लाभकारी नैनो उत्पाद रहेंगे। किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक नैनो,नैनो कॉपर, जैव उर्वरक, डिकंपोजर एवं सागरिका के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही उसकी प्रयोग करने की विधि के विषय में बिस्तार में चर्चा की गई। इसी कड़ी में गन्ना विभाग से आये अधिकारियों द्वारा गन्ना उप प्रबंधक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत गन्ने की क्षेत्रफल बढ़ाने हेतु और अ'छे उत्पादन हेतु समस्त जानकारी का आदान-प्रदान किया गया। गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा गोष्ठी आए सभी किसान साथियों का अंत में धन्यवाद करके गोष्ठी का समापन किया गया।

# ताइक्कांडो कलर बेल्ट टेस्ट सफलतापूर्वक समापन



बिलारी। क्षेत्र के एसबीएस स्कूल में ताइक्कांडो का कलर बेल्ट टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया इस बेल्ट टेस्ट में नेशनल रेफरी प्रियांशु रस्तोगी एवं कामीया सैनी ने बतौर परीक्षक खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया। यह परीक्षा येलो, ग्रीन, ग्रीन वन, ब्लू, ब्लू वन तथा रेड बेल्ट के लिए आयोजित की गई। खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल के साथ-साथ पावर, स्पीड, फुर्ती (एजिलिटी), सहनशक्ति (एंड्यूरेंस) और टारगेट कंट्रोल तथा लकड़ी के फत्ते तोड़ कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ताइक्कांडो कोच सुमित शर्मा ने बताया कि ताइक्कांडो में ब्लैक बेल्ट एक डिग्री के समान होती है, जिसके बाद खिलाड़ी अपने खेल करियर को उ'च स्तर तक आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने बताया कि एसबीएस स्कूल के खिलाड़ी अब ब्लैक बेल्ट से केवल रेड वन बेल्ट दूर हैं, जो उनके निरंतर परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक यशवीर सिंह और आशीष चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि यह बेल्ट टेस्ट प्रत्येक तीन माह में आयोजित किया जाता है, जिससे खिलाड़ियों की प्रगति और फिटनेस का निरंतर आकलन किया जा सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसबीएस स्कूल खेलों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है और क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय कार्य कर रहा है।

# भाकियू ने भारत अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने पर दिया ज़ोर



मुरादाबाद।

भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट की मुरादाबाद मंडल इकाई ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से देश के कृषि एवं उद्योग उत्पादों को बाहर रखे जाने एवं समझौते को तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने की मांग उठाई है। संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में मंडल अध्यक्ष नौशाद अली के नेतृत्व में शुक्रवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर उप नगर मजिस्ट्रेट को पेश किया, जिसमें कहा गया है कि 13 फरवरी 2025 को भारत व अमेरिका के बीच पारस्परिक व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए दो दिवसीय यात्रा पर प्रधानमंत्री अमेरिका गए थे तथा जब अमेरिका से तेल और व्यापार समझौते में भारत के कृषि व दुग्ध पदार्थों को शामिल करने का दबाव बनाया जा रहा है तो समझौता किए बिना देश वापस आ गए जिसकी संगठन सराहना करता है किंतु प्रधानमंत्री के आश्वासन के 1 साल बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट सामने आया कि अब भारत ने रूस से तेल लेने से मना कर दिया है तो अब ट्रेड डील का रास्ता खुल गया है भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ के बदले 18 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया गया और 25 प्रतिशत भी हटा दिए जाने की बात कही गई। ज्ञापन में कहा गया है कि देश के किसानों को तब झटका लगा जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्वीट के फौरन बाद अमेरिका की कृषि सचिव का बयान आया कि इंडिया अमेरिका डील के हस्ताक्षर के बाद अमेरिका के किसानों और पशुपालकों को बहुत फायदा होगाज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर किसान और पशुपालकों को इस ट्रेड डील से बाहर न रखा गया तो इस कृषि प्रधान देश के किसान ईस्ट इंडिया कंपनी वाले हालात फिर से पैदा नहीं होने देंगे किसान देश को बचाने के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार है ज्ञापन के विषय में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष नौशाद अली ने बताया इस दौरान अजीम सैफी फरमान सैफी रिजवान चौधरी और मोहम्मद फैजान आदि मौजूद रहे।

# युवाओं के लिए बड़ी समस्या है बेरोजगारी-अधिवक्ता



## जाने अनजाने अपराधिक गतिविधियों में हो जाता संलिप्त राजनीतिक पार्टियों के मुखिया सिर्फ भाषणों में संवारते युवाओं का भविष्य

फतेहपुर।

रोटी, कपड़ा और मकान के लिए कल भी युवा संघर्षरत था और आज भी है। यह एक ऐसी समस्या है, जिसका आज़ादी से लेकर आज तक राजनीतिक पार्टियां लाभ ले रही हैं। युवाओं को रोजगार देने के नाम पर उनसे वोट लेती हैं और सत्ता में आने के बाद उनको भूल जाती हैं। जब सत्ता चली जाती है तो फिर युवाओं की याद आती है। अधिवक्ताओं ने बातचीत के दौरान उक्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी राजनीतिक पार्टियों व उनके प्रत्याशियों को चुनाव के समय युवाओं को भी भूल जाना चाहिए। अजय गोविन्द दुबे एडवोकेट, संगम सिंह एडवोकेट, प्रवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, शाहिद अख्तर एडवोकेट, फहीम खान एडवोकेट व मोहम्मद हफीज एडवोकेट ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ते अपराध के पीछे युवाओं का बड़ी संख्या में बेरोजगार होना है। राजनीतिक पार्टियों के मुखिया युवाओं के वोट लेने के लिए चुनाव के समय खूब भाषण देते हैं। परन्तु सरकार में आने के बाद युवाओं को भूल जाते हैं। युवाओं को चाहिए कि वह भी चुनाव के समय ऐसी पार्टियों के प्रत्याशियों की तरफ ध्यान न दें। कहा कि युवाओं के पास जब काम नहीं होता है तो उनको लोग गुमराह कर देते हैं। कुछ नशे के आदी हो जाते हैं और फिर कहीं न कहीं जाने अनजाने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं। इसका कारण युवाओं के हाथ में काम का न होना है। कहा कि राजनीतिक पार्टियों के मुखिया चुनाव के समय युवाओं से वोट लेने के लिए उन्हें रोजगार देने की बात करते हैं। लेकिन सरकार बनने के बाद भूल जाते हैं। जब सरकार चली जाती है तो उन पार्टियों के मुखियाओं को फिर युवाओं की याद आती है। ऐसी पार्टियों के मुखिया व प्रत्याशियों से युवाओं को दूर ही रहना चाहिए।

# पकरी सेवार सड़क जर्जर, गंगा स्नानार्थी गिरकर घायल , गड्ढों और बिखरी गिट्टियों से आवागमन में परेशानी



मेजा, प्रयागराज ।

तहसील क्षेत्र के गंगा तट पर स्थित पकरी सेवार गांव की मुख्य सड़क इन दिनों जर्जर हालत में है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और बिखरी गिट्टियां राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब पखवाड़े भर पहले लोक निर्माण विभाग ने कुछ गड्ढों में गिट्टी डलवाई थी, लेकिन उस पर पिचिंग नहीं की गई। इसके परिणामस्वरूप सड़क पर गिट्टियां बिखर गईं, जो अब राहगीरों के फिसलकर गिरने का कारण बन रही हैं।गांव के धीरज यादव ने बताया कि प्रतिदिन तड़के चार बजे डोहरिया, जयराम का पुरा और परानीपुर सहित विभिन्न गांवों के श्रद्धालु इसी मार्ग से गंगा स्नान के लिए जाते हैं। अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीण आनंद कुमार, कृष्ण प्रकाश द्विवेदी और ललन तिवारी के अनुसार, गंगा तट पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा कोटेश्वर नाथ मंदिर के समीप करोड़ों रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। दक्षिण भारत की संस्था गजा द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य के दौरान पाइपलाइन बिछाने से गांव की मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान जल निगम की पाइपलाइन और प्राथमिक विद्यालय तक गई इंटरनेट केबल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबंध में जल जीवन मिशन के अवर अभियंता अखिल देव सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण में आने वाले खर्च का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग से मांगा गया है। प्रस्ताव मिलते ही बजट जारी कर दिया जाएगा और सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और गंगा स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

